**भारतीय भाषा संस्थान**

**(शिक्षा मंत्रालय)**

**उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार,**

**मानसगंगोत्री, हुणसुर रोड, मैसूर - 570006**

**संशोधित**

मि.सं. **CESCT/Recruitment/2022** दिनांक **: 08/03/2022**

**संशोधित** 26th March 2022

**शास्त्रीय तेलुगू अध्ययन केंद्र के लिए परियोजना कर्मियों की आवश्यकता**

शास्त्रीय तेलुगू अध्ययन केन्द्र (CESCT), भारत सरकार की एक पहल है जो तेलुगू को शास्त्रीय दर्जा प्रदान किये जाने के बाद को “संविदा के आधार" पर निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है।

सीईएससीटी, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा निर्धारित की गई विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर काम करेगा, जिसमें शास्त्रीय तेलुगू का अनुसंधान, प्रलेखन, प्रचार और शिक्षण शामिल होगा। यह भारत के राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रो में व्यक्तियों, संस्थानों द्वारा किए गये ऐसे कार्यों का समन्वय भी करेगा और दुनिया की अन्य शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन के जोड़ने का साधन भी प्रदान करेगा।

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों कि संख्या | मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| | शैक्षणिक पद | | |
| 1 | परियोजना निदेशक | 01 | रु.70,000/- |
| 2 | सीनियर फेलो | 05 | रु.41,000/- |
| 3 | एसोसिएट फेलो | 10 | रु.37,000/- |
| | प्रशासनिक पद | | |
| 4 | कार्यालय अधीक्षक | 01 | रु.37,800/- |
| 5 | कनीय लेखाधिकारी | 01 | रु.37,800/- |
| 6 | उच्च श्रेणी लिपिक* | 01 | रु.27,200 /-* |
| 7 | अवर श्रेणी लिपिक | 01 | रु.21,200/- |

*नियम एवं शर्त संख्या 3 देखें.

**शैक्षणिक पद :**

**परियोजना निदेशक :**

परियोजना निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के निदेशक की देखरेख और मार्गदर्शन में काम करेगा, जो कि सीईएससीटी के नोडल अधिकारी भी हैं और वह शास्त्रीय तेलुगु के विकास के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकार के समन्वय में काम करेगा। वह सीईएससीटी की विभिन्न गतिविधियों के लक्ष्यों की योजना बनाने में

भी मदद करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि प्रक्रिया में शामिल लोग उच्च गुणवत्ता के साथ इसे प्रभावी ढंग से लागू करते हैं। इस पद से जुड़ी वित्तीय जिम्मेदारियां विभिन्न गतिविधियों के लिए योजना और बजट तैयार करने तक सीमित होंगी। उनसे नोडल अधिकारी के अनुमोदन से परियोजना योजना-सह-निगरानी बोर्ड (पीएमबी) की बैठकों और अन्य बैठकों आदि को आयोजित करने सभी गतिविधियों का समन्वय करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही उसे CESCT के ध्येय को आगे बढ़ाने के लिए अन्य सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, शैक्षिक और अन्य शोध संस्थानों आदि के साथ बातचीत करनी होगी।

परियोजना निदेशक की नियुक्ति संविदा के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी जिसे वार्षिक समीक्षा के बाद अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। इस पद के लिए समेकित वेतन 70,000/- प्रति माह (निश्चित) दिया जाएगा। आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से कम होनी चाहिए, जो समाचार पत्रों में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने से 21 दिन के भीतर है।

**शैक्षिक योग्यता:** तेलुगु भाषा से संबंधित भाषाविज्ञान या साहित्य में डॉक्टरेट की डिग्री, और कम से कम 15 साल का शोध / शिक्षण का अनुभव और किसी प्रतिष्ठित संगठन या शैक्षणिक संस्थान में कम से कम 3 साल का प्रशासनिक अनुभव जरुरी है।

CESCT को चलाने के लिए केंद्र सरकार के नियमों और विनियमों का ज्ञान आवश्यक है। उम्मीदवारों को गतिशील, अनुसंधान उन्मुख और लक्ष्यों तथा उद्देश्यों के अनुसार केंद्र का नेतृत्व करने में सक्षम होना चाहिए। उसे डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरल स्तर के 30 शोध प्रज्ञों, वरिष्ठ और कनिष्ठ शोध प्रज्ञों तथा कार्यालयी कर्मचारियों का समन्वय / पर्यवेक्षण करना होगा।

**परियोजना निदेशक की जिम्मेदारियां और कर्तव्य**

i.हालांकि परियोजना निदेशक सीईएससीटी के प्रमुख होंगे तथापि उन्हें भारतीय भाषा संस्थान के निदेशक को रिपोर्ट करना होगा, जो केंद्र के कार्यान्वयन के नोडल अधिकारी तथा सीईएससीटी के वित्तीय और प्रशासनिक मामलों के स्वीकृति प्राधिकारी हैं।

ii.नोडल अधिकारी की ओर से परियोजना निदेशक, सीईएससीटी के पीएमबी के निर्णयों का पर्यवेक्षण उनकी निगरानी और उनका कार्यान्वयन करेगें। उनसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस योजना में हुई प्रगति पर मासिक रिपोर्ट नोडल अधिकारी को अगले महीने की तीसरी तारीख या अगले कार्य दिवस तक दें।

iii.सीईएससीटी के परियोजना निदेशक से नोडल अधिकारी के अनुमोदन से पीएमबी की बैठकों सहित सीईएससीटी की बैठकें बुलाने की भी अपेक्षा कि जाती है।

iv. परियोजना निदेशक को सीईएससीटी का बजट तैयार करना होगा।

v. परियोजना निदेशक, सीईएससीटी, सीईएससीटी/सीआईआईएल के अभिलेखों और प्रकाशनों/ई-प्रकाशनों और ऐसी अन्य संपत्तियों का संरक्षक होगा, जैसा कि भारतीय भाषा संस्थान के द्वारा उसे प्रभार दिया जाय।

vi. परियोजना निदेशक, सीईएससीटी अनुबंधों, सहयोग के आशयों, समझौता ज्ञापनों और प्रदत्त किए गए कार्य आदि के लिए आधारभूत कार्य और पत्राचार करेंगे।

vii परियोजना निदेशक, सीईएससीटी से नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए किसी भी उत्तरदायित्व को निभाने की अपेक्षा की जाती है।

**सीनियर फेलो / एसोसिएट फेलो के शैक्षणिक पदों के लिए शर्तें:**

1. शोध कार्य का कार्यकाल 12 महीने (10+2) की अवधि के लिए है और इसे संस्थान के विवेकाधिकार पर बढ़ाया जा सकता है।
2. **विषयानुशासन / अनुसंधान का क्षेत्र :** भाषाविज्ञान, साहित्य, इपिग्राफी, व्याकरण, अनुवाद, इतिहास, समाजशास्त्र, एंथ्रोपोलॉजी, आर्कियोलॉजी, मैनुस्क्रिप्टोलॉजी, न्यूमिस्मेटिक्स, शिक्षा, लोक साहित्य, संगीत, नृत्य, नाटक/रंगमंच आदि।
3. शोध के प्रत्येक विषय के लिए शोध की रूपरेखा के आधार पर आवेदनों का चुनाव किया जाएगा.
4. चयनित उम्मीदवारों को अंतिम साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
5. चयनित उम्मीदवारों को तुरंत शोध कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
6. उम्मीदवार एक से अधिक विषयों के लिए भी आवेदन कर सकता है और उसे प्रत्येक विषय के लिए शोध की रूप रेखा (सिनोप्सिस) प्रस्तुत करनी होगी।
7. शोध की रूप रेखा और अन्य दस्तावेजों के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. चयनित उम्मीदवार को संस्थान के नियमों और विनियमों के अनुसार चलना होगा और उन्हें संस्थान की नीतियों और दिशानिर्देशों के अनुसार क्षतिपूर्ति करनी होगी।

**अध्येताओं के कर्तव्य और जिम्मेदारियां: वरिष्ठ फेलो और एसोसिएट फेलो**

1. प्रत्येक फेलो को अपने आवंटित अनुशासन/क्षेत्र पर कार्य करना होगा।
2. सीनियर फेलो और एसोसिएट फेलो को विशेषज्ञ समिति और परियोजना निदेशक के मार्गदर्शन में आवंटित अनुशासन / क्षेत्र पर काम करना होगा।
3. सीनियर फेलो और एसोसिएट फेलो की प्रगति की जांच और इसका मूल्यांकन विशेषज्ञ/ परियोजना निदेशक द्वारा किया जाएगा और मासिक आधार पर संतोषजनक प्रगति पर मानदेय का भुगतान किया जाएगा।
4. सीनियर फेलो और एसोसिएट फेलो को स्वतंत्र रूप से अपना शोध कार्य करना होगा और प्रगति का सत्यापन प्रोजेक्ट निदेशक / विशेषज्ञ समिति द्वारा मासिक / त्रैमासिक आधार पर किया जाएगा।
5. सीनियर फेलो और एसोसिएट फेलो द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट परियोजना निदेशक को प्रस्तुत करनी होगी।
6. मासिक मानदेय का भुगतान प्रोजेक्ट निदेशक द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट की स्वीकृति के बाद ही किया जाएगा।
7. अध्येताओं की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा विशेषज्ञ समिति द्वारा की जाएगी।
8. पूरी परियोजना को 10+2 महीने के निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करना होगा और अंतिम शोध प्रबंध 12वें महीने के अंत में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**नियम एवं शर्तें:**

01. शास्त्रीय तेलुगु अध्ययन केंद्र (सीईएससीटी) भारत सरकार की एक पहल है जिसके लिए संविदा के आधार पर पदों को भरने की आवश्यकता है।

02. सीईएससीटी के परियोजना कर्मी का नियुक्ति प्राधिकारी भारतीय भाषा संस्थान का निदेशक है, जिसके पास पदधारी की सेवा असंतोषजनक पाए जाने पर, या पदधारी को कदाचार या धन के दुरुपयोग में शामिल पाए जाने पर उसे पद से हटाने का अधिकार है।

03. उच्च श्रेणी लिपिक का कार्य स्थान भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर होगा।

04. प्रशासनिक कर्मचारियों का कार्यकाल शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और इसे सालाना प्रदर्शन और समीक्षा के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

05. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र संलग्नकों और शोध की रूपरेखा के साथ ऑनलाइन पोर्टल https://apply.ciil.org पर जाकर जमा करा सकते हैं।

06. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि समाचार पत्रों में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिन के भीतर मानी जायेगी जो कि (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के अंग्रेजी और तेलुगु में प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित है)

07. नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

08. आवेदन/आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार संस्थान के पास आरक्षित है और संस्थान का निर्णय अंतिम माना जायेगा ।

09. संस्थान के पास पदों की संख्या बढ़ाने / घटाने / रद्द करने और असाधारण रूप से योग्य उम्मीदवारों के मामले में पात्रता मानदंडों में छूट देने का अधिकार आरक्षित है।

10. अपूर्ण आवेदनों और नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. जो सेवा में हैं उन्हें अपने आवेदन अपने नियोक्ता के माध्यम से अग्रेषित करने होंगे और वे एक अग्रिम प्रति भेज सकते हैं ताकि नियत तिथि के भीतर अधोहस्ताक्षरी तक पहुंच जाए।

12. साक्षात्कार मे भाग लेने लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

13. आवेदन https://apply.ciil.org पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल पर जमा कराये जा सकते हैं।

14. किसी भी प्रत्याशी के चयन या अन्यथा से संबन्धित किसी भी मामले में सक्षम पदाधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

**कार्य स्थल :** नेल्लोर - आंध्र प्रदेश और मैसूर - कर्नाटक राज्य

**उपरोक्त सभी पदों के चयन के लिए साक्षात्कार का स्थान और तिथि**:

(चयन किए गए उम्मीदवारों को बाद में सूचित किया जाएगा)

**विस्तृत अधिसूचना:**

| **क्रम .सं.** | **पद का नाम** | **पदों की संख्या** | **मासिक वेतनमान रु.** | **उम्र वर्षों में** | **शैक्षिक एवं आवश्यक योग्यता** | |
|---|---|---|---|---|---|---|

| शैक्षणिक पद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना निदेशक | 01 | 70,000 | 65 वर्ष से अधिक नहीं | **शैक्षिक योग्यता** *:*<br>1) तेलुगू भाषा से संबंधित भाषाविज्ञान या साहित्य में डॉक्टरेट की डिग्री, कम से कम 15 साल का शोध/शिक्षण का अनुभव और किसी प्रतिष्ठित संगठन या शैक्षणिक संस्थान में कम से कम 3 साल का प्रशासनिक अनुभव जरूरी है।<br><br>2) CESCT को चलाने के लिए केंद्र सरकार के नियमों और विनियमों का ज्ञान आवश्यक है। उम्मीदवारों को गतिशील, अनुसंधान उन्मुख और इसके उद्देश्यों के अनुसार केंद्र का नेतृत्व करने में सक्षम होना चाहिए। उसे डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो के 30 शोध विद्वानों, वरिष्ठ और कनिष्ठ शोध विद्वानों, कनिष्ठ संसाधन व्यक्तियों और 6 कार्यालय कर्मचारियों का समन्वय / पर्यवेक्षण करना होगा। | |
| 2 | सीनियर फेलो | 05 | 41,000 | 60 वर्ष से अधिक नहीं | **शैक्षिक योग्यता:**<br>1)तेलुगु (भाषा, साहित्य एवं संस्कृति) में या तेलुगु से संबंधित भाषाविज्ञान में डॉक्टोरेट की उपाधि साथ में तेलुगु का अच्छा कार्यसाधक ज्ञान।<br><br>इन व समान विषयों में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम् 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। | 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थान में अध्यापन एवं शोध कार्य का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।<br>2. तेलुगु, विशेषतः शास्त्रीय तेलुगु में न्यूनतम् 10 प्रकाशन एवं 5 प्रपत्र प्रकाशित।<br>3.कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान<br>4. फ़ील्ड वर्क का अनुभव |
| 3 | एसोसिएट फेलो | 10 | 37,000 | 55 वर्ष से अधिक नहीं | **शैक्षिक योग्यता:**<br>1) तेलुगु (भाषा, साहित्य एवं संस्कृति) में या तेलुगु से संबंधित भाषाविज्ञान में | 1.किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | डॉक्टोरेट की उपाधि साथ में तेलुगु का अच्छा कार्यसाधक ज्ञान।<br><br>इन व समान विषयों में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम् 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। | या संस्थान में अध्यापन एवं शोध कार्य का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।<br>2. तेलुगु, विशेषतः शास्त्रीय तेलुगु में न्यूनतम् 5 प्रकाशन एवं 3 प्रपत्र प्रकाशित।<br>3.कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान<br>4. फ़ील्ड वर्क का अनुभव |
| | | | **प्रशासनिक पद** | | | |
| 4 | कार्यालय अधीक्षक | 01 | 37,800 | 45 वर्ष से अधिक नहीं हालांकि सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्तशासी/लोक उपक्रमों से अवकाश प्राप्त व्यक्तियों पर विचार करते समय आयु सीमा में छूट देकर इसे 62 वर्ष तक किया जा सकता है। | 1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी डिग्री।<br>2)केंद्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/स्वायत्तशासी निकायों में जिम्मेवारी के पद पर कार्य करने का न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव जिसमें स्थापना एवं लेखा कार्य का विशेष अनुभव<br>3) कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है। | केंद्र सरकार के नियमों की जानकारी वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 5 | कनीय लेखाधिकारी | 01 | 37,800 | 45 वर्ष से अधिक नहीं हालांकि सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्तशासी/लोक उपक्रमों से अवकाश प्राप्त व्यक्तियों पर विचार करते समय आयु सीमा में छूट देकर इसे 62 वर्ष तक किया जा सकता है। | 1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी डिग्री।<br>2)केंद्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/स्वायत्तशासी निकायों में जिम्मेवारी के पद पर कार्य करने का न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव जिसमें स्थापना एवं लेखा कार्य का विशेष अनुभव<br>3) कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य है। | केंद्र सरकार के नियमों की जानकारी वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| 4 | उच्च श्रेणी लिपिक * | 01 | 27,200 | 45 वर्ष से अधिक नहीं | 1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी डिग्री।<br>2) लेखा/स्थापना में अवर श्रेणी लिपिक/सहायक के रूप में 5 वर्ष का अनुभव।<br>3) कंप्यूटर पर अंग्रेजी और तेलुगु टाइपिंग में दक्षता।<br>4) कंप्यूटर पैकेज जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, स्प्रेड शीट आदि में काम करने का व्यावहारिक अनुभव। | समान क्षमता में कम से कम 3-5 वर्ष के अनुभव को वरीयता दी जायेगी। |
| 5 | अवर श्रेणी लिपिक | 01 | 21,200/- | 40 वर्ष से अधिक नहीं | 1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कोई भी डिग्री।<br>2) लिपिक/सहायक के रूप में | समान क्षमता में कम से कम 1-2 वर्ष के अनुभव |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | लेखा/स्थापना में 2 वर्ष का अनुभव।<br>3) कंप्यूटर पर अंग्रेजी और तेलुगु टाइपिंग में दक्षता।<br>4) कंप्यूटर पैकेज जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, स्प्रेड शीट आदि में काम करने का व्यावहारिक अनुभव। | को वरीयता दी जायेगी। |

*नियम एवं शर्तों के लिए संख्या 3 देखें (कार्य का स्थान सीआईआईएल, मैसुरु-570006 होगा)